पावर सिस्टम ऑपरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड

केन्द्रीय मानव संसाधन विभाग
राजभाषा अनुभाग

दिनांक-01-10-2021

विषय : वर्ष 2021-22 की द्वितीय तिमाही बैठक का कार्यवृत्त

केन्द्रीय कार्यालय पोसोको में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वित्त वर्ष 2021-22 की द्वितीय तिमाही बैठक दिनांक 28-09-2021 को प्रातः 1000 बजे सम्मलेन कक्ष में सम्पन्न हुई , बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित थे :-

श्री के.वी.एस बाबा, अध्यक्ष	श्रीमति मीनाक्षी गर्ग, सदस्या
श्री एस.आर नरसिम्हन, सदस्य	श्री निशदीप सिंह, सदस्य
श्री एस.एस बड़पंडा, सदस्य	श्री मनोज अग्रवाल, सदस्य
श्री अंशुल भार्गव, सदस्य	श्री एस एस गुप्ता, सदस्य
	सुभाष चौधरी, सदस्य
	प्रीति चतुर्वेदी, सदस्य
	मो० इसलाम खान, राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य सचिव

समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए सदस्य सचिव ने पिछली बैठक दिनांक 24-06-2021 का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया, जिसकी समीक्षा करके समिति द्वारा पारित किया गया, तत्पश्चात उक्त बैठक में निम्नलिखित मुद्दों के ऊपर विस्तार से चर्चा हुई:-

1. **सदस्य का नामांकन:** पोसोको केन्द्रीय कार्यालय में दिनांक 14 जून 2021 को श्री अंशुल भार्गव जी ने निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में कार्यभार संभाला था, अध्यक्ष महोदय ने उन्हे इस बैठक के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य के रूप में नामित किया।
2. **राजभाषा कार्यशाला :** सर्वप्रथम श्री एस.आर नरसिम्हन(सदस्य) जी ने कार्यशाला की ओर सबका ध्यान दिलाया और कोविड-19 की स्थिति में सुधार को देखते हुए आने वाली राजभाषा कार्यशाला को साक्षात्कार रूप से सम्मेलन कक्ष में किए जाने पर अपना सुझाव दिया। इसके उपरांत सभी सदस्यों के

समर्थन के साथ कार्यशाला की समय अवधि 3 घंटे वक्तव्य तथा बाकी के 3 घंटे अभ्यास तय की गयी, साथ ही सभी संबन्धित विभागाध्यक्ष से आग्रह किया गया कि वे अपने विभाग के सभी कार्मिकों को राजभाषा कार्यशाला में बारी बारी से नामित करें।

3. **"केन्द्रीय धारा" पत्रिका में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता :** पोसोको कार्यालय से निकलने वाली ई-मासिक पत्रिका "केन्द्रीय धारा" गत वर्ष से द्विभाषी रूप में निकाली जा रही है, पिछले 2 माह से इसमें एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 10 प्रश्न होते हैं और जो कार्मिक सर्वप्रथम सभी प्रश्नो का उत्तर सही देते हैं उन्हे पुरष्कृत किया जाता है। श्री एस.एस बड़पंडा (सदस्य) जी द्वारा इस प्रतियोगिता की सराहना की गयी एवं इसे जारी रखने का निर्देश दिया गया।
4. **राजभाषा नोडल अधिकारी:** संसदीय समिति की सिफ़ारिशों के अनुरूप श्री निशदीप सिंह(सदस्य) जी ने प्रत्येक विभाग से एक राजभाषा नोडल अधिकारी नामित किए जाने पर चर्चा की, जो विभाग के अंतर्गत होने वाली राजभाषा संबंधी आंकड़ो पर ध्यान देंगे और उसकी जानकारी प्रत्येक तिमाही को राजभाषा विभाग में देंगे जिसके माध्यम से तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाएगी और हर तिमाही में आयोजित होने वाली राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में वे नामित राजभाषा नोडल अधिकारी उपस्थित होंगे।
5. **हिन्दी शिक्षण की कक्षाएं :** भारत सरकार विद्युत मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा पोसोको कार्यालय का निरीक्षण 26 अगस्त 2021 को किया गया था, निरीक्षण के दौरान यह पाया गया था कि कुल 4 कार्मिकों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं है। श्री अंशुल भार्गव (सदस्य) जी ने उन 4 कार्मिकों को हिन्दी शिक्षण में नामित किए जाने पर चर्चा की और आने वाले जनवरी-मई सत्र में उन्हे शिक्षण योजना के अंतर्गत नामित करने का सुझाव दिया।
6. **हिन्दी में कार्य :** अध्यक्ष महोदय ने अधिक से अधिक हिन्दी में कार्य करने की बात कही और धारा 3(3) के अंतर्गत सभी तरह के दस्तावेज़ों को द्विभाषी में जारी करने का निर्देश भी दिया।

सचिव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गयी।

1-10-21

मो॰ इसलाम खान
राजभाषा अधिकारी